सत्यं शिवं सुन्दरम्

# महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा

## की पी-एच.डी. [हिन्दी] उपाधि हेतु प्रस्तुत

## शोध-प्रबंध

# "माला वर्मा और प्रीति सेनगुप्ता के यात्रा साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन"

***
*****
*******


**शोध-छात्र**

**सागर अरुणभाई देसले**

**शोध-निर्देशक**

**डॉ.दीपेन्द्रसिंह पुष्पेन्द्रसिंहजी जाडेजा**
प्रोफ़ेसर, हिन्दी विभाग
महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय,
बड़ौदा (गुजरात)



पंजीकरण संख्या : FOA/1562
पंजीकरण दिनांक : 18/02/2021

2025

# CERTIFICATE

This is to certify that the thesis entitled **"माला वर्मा और प्रीति सेनगुप्ता के यात्रा साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन"** which is being submitted by **Sagar Arunbhai Desale** for the fulfillment of the Award of Degree of Doctor of Philosophy in Hindi to The Maharaja Sayajirao University of Baroda, is a record of bona-fide work carried by his under my Supervision and Guidance at **Department of Hindi, Faculty of Arts, The Maharaja Sayajirao University of Baroda, Vadodara.** The mater presented in the thesis is independent, original and has not been submitted for the award of any other degree.

Date **: 25/06/2025**
Place **: Vadodara**

**GUIDE**
**Prof. (Dr.) Dipendrasinh Pushpendrasinhji Jadeja**
**Department of Hindi, Faculty of Arts,**
**The Maharaja Sayajirao University of Baroda,**
**Vadodara**

**Head**
**Department of Hindi**

**Dean**
**Faculty of Arts**

**The Maharaja Sayajiroa University of Baroda.**
**Vadodara**

# DECLARATION

I hereby declare that the thesis entitled "माला वर्मा और प्रीति सेनगुप्ता के यात्रा साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन" which is submitted herewith to The Maharaja Sayajirao University of Baroda, Vadodara for the fulfillment of the award of the degree of Doctor of Philosophy in Hindi is the result of the work carried out by me under the able Guidance of **Prof. (Dr.) Dipendrasinh Pushpendrasinhji Jadeja,** Department of Hindi, Faculty of Arts, The Maharaja Sayajirao University of Baroda, Vadodara.

I declare that the research work has not been previously submitted/ presented for any other degree.

**Researcher**
**Sagar Arunbhai Desale**
**Ph.D. Registration No. : FOA/1562**
**Date of Registration : 18/02/2021**

**Date : 25/06/2025**
**Place : Vadodara**

## *CERTIFICATE FOR ARTICLE*

***Dr. Dipendrasinh Jadeja***
***Professor, Hindi Department***
***The Maharaja Sayajirao University of Baroda***
***Vadodara- 390002 (Gujarat) India***
***Accredited Grade "A" by NACC***

---

***Date: 25/06/2025***

## CERTIFICATE

This is to certify that **Sagar Arunbhai Desale** has conducted a research work for Ph.D. titled **"MALA VERMA AUR PREETY SENGUPTA KE YATRA SAHITYA KA TULNATMAK ADHYAYAN" ("माला वर्मा और प्रीति सेनगुप्ता के यात्रा साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन")** at Department of Hindi, Faculty of Arts, The Maharaja Sayajirao University of Baroda, Vadodara. He has two publications related to his subject.

1. यात्रा साहित्य में माला वर्मा और प्रीति सेनगुप्ता का योगदान, पत्रिका-शोध ऋतु, संपादक- डॉ. सुनील जाधव, अंक:40 खंड:05 अप्रैल-जून 2025, पृ.78-79. ISSN 2454-6283, Three Monthly Magazine, PEER Reviewed & Refereed JOURNAL

2. प्रीति सेनगुप्ता की दृष्टि में गांधीजी (दक्षिण अफ्रीका यात्रा के विशेष संदर्भ में) पत्रिका- पुष्पगंधा, संपादक-विकेश निझावन, अंक: 1, मई 2022-अक्टूबर 2022, पृ.82–84, ISSN 2320-7728, Three Monthly Journal

**GUIDE**
**Prof. (Dr.) Dipendrasinh Pushpendrasinhji Jadeja**
**Department of Hindi, Faculty of Arts**
**The Maharaja Sayajirao University Of Baroda, Vadodara**

Print

THE MAHARAJA SAYAJIRAO UNIVERSITY OF BARODA

## PUBLICATION CERTIFICATE

**Name of Ph.D. Supervisor** **Dr.Dipendrasinh Pushpendrasinh Jadeja**

**Published Articles/Papers in Journals**

| Sr No. | Author(s) | Paper Title | Journal Name & ISSN & Volume No. | Published Year | DOI | Index in Scopus/UGC CARE/Clarivate | Document Submitted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sagar Desale | Yatra Sahitya Mein Malaverma Aur Pritisengupta Ka Yogdaan | Journal Name: Sodhrityu, ISSN: 2454-6283, Volume No.: 5 | 1-5-2025 | https://doie.org/10.10687/sodhritu.2025415640 | In Scopus: Yes, In UGC CARE: Yes,,In Clarivate: Yes | Submitted |
| 2 | Prof,Dipendrasinh Jadeja | Gujarat main Hindi Bhasha shikshan | Journal Name: Hindi Sangam Varshiki, , Volume No.: 5 | 1-10-2023 | | In Scopus: Yes, In UGC CARE: Yes, In Clarivate: Yes | Submitted |
| 3 | Jitendra Vaghela | Anamika ki kavyamein strivimersh ke vividh paksh | Journal Name: Akshar Varta, ISSN: 23497591, Volume No.: 5 | 1-3-2023 | | In Scopus: Yes, In UGC CARE: Yes, In Clarivate: Yes | Submitted |
| 4 | Sagar Desale | Pritisengupta Ki Drishti Mein Gandhi Ji | Journal Name: Puspagandha, ISSN: 2320-7728, Volume No.: 13 | 1-10-2022 | | In Scopus: Yes, In UGC CARE: Yes, In Clarivate: Yes | Submitted |
| 5 | Hem lata | shailendra sagar ke kahani sangrah brunch tatha anya kahaniyon me mulya bodh ka samajik paksh | Journal Name: sangrathan, ISSN: 2278 6880 | 1-6-2022 | | In Scopus: No, In UGC CARE: Yes, In Clarivate: No | Submitted |
| 6 | Jitendra Vaghela | strivimersh aur jitendra shrivastav ki kavita sonchirai | Journal Name: sangrathan, ISSN: 22786880 | 1-4-2022 | | In Scopus: Yes, In UGC CARE: Yes, In Clarivate: Yes | Submitted |
| 7 | Hem lata | Maitreyi pushpa ke upnyas sahitya mein nari sangharsa | Journal Name: sahitya vithika, ISSN: 2319 6513, Volume No.: 18 | 1-6-2021 | | In Scopus: No, In UGC CARE: No, In Clarivate: No | Submitted |
| 8 | Rajesh kumar patel | nasira sharma ke katha sahity ki aadhunik yug mai uplabdhiya | Journal Name: wesleyan, ISSN: 0975-1386, Volume No.: 75 | 1-3-2021 | | In Scopus: No, In UGC CARE: No, In Clarivate: No | Not Sumbitted |
| 9 | pramod kumar singh | badalte parivesh mein maitriy pushpa ke upanyason mai stri vimarsh ke vividh aayam | Journal Name: drastikon, ISSN: 0975-119x, Volume No.: 1 | 1-3-2021 | | In Scopus: No, In UGC CARE: No, In Clarivate: No | Not Sumbitted |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | Dr. Dipendrasinh Jadeja | Bihari Satsai Ke Sanskrit Anuwad : Ek Mulyankan | Translated Literature in Sanskrit | U.G.C and dept. of Sanskrit, M.S.U Baroda | 10-2-2009 | Submitted |
| 41 | Dr. Dipendrasinh Jadeja | Bhartiya sankriti mein Karm darshan | Impact of Vedas on the World | Sambhavi vidhya pith , amroli and south Gujarat uni. Of Surat | 22-12-2007 | Submitted |
| 42 | Dr. Dipendrasinh Jadeja | Kafan : kahani ki prasangitata | Munshi Premchand Katha Sahitya | Hindi sahitya Academy, Gandhinager and panchmahal yuva vikas sanstha | 10-3-2007 | Submitted |
| 43 | Dr. Dipendrasinh Jadeja | Bhartiya Vigyapano mein stri ka prastuti karan | MEDIA lekhan Disha Evam Dasha | Hindi sahitya academy and Dept. of Hindi M.S.U Baroda | 18-12-2006 | Submitted |
| 44 | Dr. Dipendrasinh Jadeja | Geet parampara aur prayog | Brajbhasha Kavya Vimarsh Tatha Hindi Geet Parampara Evam Prayog | Uttar Pradesh Hindi santhan and dept. of Hindi, M.S.U Baroda | 16-12-2006 | Submitted |
| 45 | Dr. Dipendrasinh Jadeja | Hindi Geet parmpara aur Navgeet | Navgeet Vimarsh | Hindi sahitya academy, Gandhinagar and dept. of Hindi, M.S.U. of Baroda | 22-3-2006 | Submitted |
| 46 | Dr. Dipendrasinh Jadeja | Kalank : kalpit bhay ki kahani | A Literary Tribute to Anton Pavlovich Chekhov | UGC and Dept. of English, Hindi, Gujarati, Russian, M.S.U Baroda | 28-2-2005 | Submitted |

**I Undersign, agree that all submitted information in above format is true as per my knowledge and belief.**

**Dr.Dipendrasinh Pushpendrasinh Jadeja**

# Sagar Desale

## mala verma aur prity sengupta ke yatrasahitya ka tulnatmak adhyayan.pdf

The Maharaja Sayajirao University of Baroda

### Document Details

Submission ID

trn:oid:::3618:102302601

Submission Date

Jun 24, 2025, 5:15 PM GMT+5:30

Download Date

Jun 24, 2025, 5:25 PM GMT+5:30

File Name

mala verma aur prity sengupta ke yatrasahitya ka tulnatmak adhyayan.pdf

File Size

2.6 MB

255 Pages

126,752 Words

269,938 Characters

# 9% Overall Similarity

The combined total of all matches, including overlapping sources, for each database.

## Top Sources

0% Internet sources

0% Publications

9% Submitted works (Student Papers)

## Integrity Flags

**0 Integrity Flags for Review**

No suspicious text manipulations found.

Our system's algorithms look deeply at a document for any inconsistencies that would set it apart from a normal submission. If we notice something strange, we flag it for you to review.

A Flag is not necessarily an indicator of a problem. However, we'd recommend you focus your attention there for further review.

# CERTIFICATE FOR ANTI PLAGIARISM

This is to certify that the Ph.D. Thesis entitled **"माला वर्मा और प्रीति सेनगुप्ता के यात्रा साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन"** submitted by **Sagar Arunbhai Desale** has been checked for anti-plagiarism test by iThenticate software provided by The Maharaja Sayajirao University of Baroda. After checking, it is found that 9% of similarity and is below the allowable plagiarism notified by the University Grant Commission. This research work has been carried out by **Sagar Arunbhai Desale,** under supervision, **Prof. (Dr.) Dipendrasinh Pushpendrasinhji Jadeja Department of Hindi, Faculty of Arts, The Maharaja Sayajirao University of Baroda.**

**Ph. D. Guide**

**Prof. (Dr.) Dipendrasinh Pushpendrasinhji Jadeja**

**Professor**

**Department of Hindi,**

**Faculty of Arts,**

**The M.S. University of Baroda, Vadodara**

# महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा,

# वड़ोदरा (गुजरात)

## घोषणा-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा (गुजरात) के कला संकाय (हिन्दी विभाग) की पीएच. डी. उपाधि हेतु प्रस्तुत शोध प्रबंध **प्रो. (डॉ.) दीपेन्द्रसिंह पुष्पेन्द्रसिंहजी जाडेजा** के निर्देशन में सम्पन्न किया गया, जिसका शीर्षक **"माला वर्मा और प्रीति सेनगुप्ता के यात्रा साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन"** है। मैं यह घोषणा करता हूँ कि यह मेरा स्वयं का मौलिक कार्य है। मेरी जानकारी के अनुसार इस शोध-शीर्षक पर विश्वविद्यालय या अन्य विश्वविद्यालय तथा किसी अन्य संस्था एवं पूर्व में इस प्रकरण पर कोई शोधकार्य नहीं किया गया है।

**दिनांक : 25/062025**
**स्थान : वड़ोदरा**

**शोध-छात्र**
**सागर अरुणभाई देसले**

सत्यं शिवं सुन्दरम्

# THE MAHARAJA SAYAJIRAO UNIVERSITY OF BARODA

## CERTIFICATE

*[As per **O.Ph.D. 5** under UGC (Minimum Standards and Procedure for Awards of M.Phil./Ph.D. Degree) Regulation, **2016** for (8 to 16) Credits to be earned by Ph.D. Scholars]*

This is to certify that **Sagar Arunbhai Desale,** Research Scholar, registered under UGC (*Minimum Standards and Procedure for Awards of M.Phil./Ph.D. Degree) Regulation, 2016,* vide Registration Certificate Number **1562** dated **18/02/2021**, for pursuing Ph.D. on has undertaken and completed the course work with the Grade B.

### STATEMENT OF CREDITS EARNED

Name of Research Scholar: **Sagar Arunbhai Desale**

Faculty/Institution: Faculty of Arts

Department: Department of Hindi

| Paper Number | Course Title | Course Credits | Grade Earned | EGP |
|---|---|---|---|---|
| **Course – work under taken from UGC HRDC Gujarat University** | | | | |
| I. | Course Work In Hindi Which Include "Research & Publication Ethics & Research Methodology"* | 10* | B | 80 |
| **Departmental Courses – 06 Credits** *[Offered at Departmental Level]* | | | | |
| II | Tulanatmak Adhyayan : Hindi aur Gujarati Sahitya ke Vishesh Sandarbh me | 3 | B | 24 |
| III | Hindi Evam Gujarati Yatra Sahitya Ke Tulanatmak Adhyayan ki Rooparekha | 3 | B | 24 |
| | **Total Credits** | 16 | **Total EGP** | 128 |
| | **CGPA** | 8 | **Equivalent Percentage** | 80% |
| | | **Overall Grade** | B | |

UC : NA
DC : 1005 (140324)

FOA/1562

Date of Issue:18-04-2024

Place: Vadodara

THE MAHARAJA SAYAJIRAO UNIVERSITY OF BARODA ACADEMICS SECTION

Registrar (Offg.)

* Equivalence to the course work performed outside the University has been assigned by DRC meeting dated 29/06/2022 – Certificate No. HRDC/2223/PHDUG/16 dated 03/09/2022

# आभार

किसी भी कार्य में पूर्णरूपेण सफलता अर्जित करने हेतु उचित मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं आशीर्वाद की आवश्यकता होती है। यह शोध कार्य ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की कृपा एवं सम्माननीय गुरुजनों के आशीर्वचनों, आत्मीय परिजनों के सहयोग एवं सतत प्रोत्साहन का साकार परिणाम है।

वैसे तो अपने ज्ञान के प्रकाश से विद्यार्थियों को प्रकाशमान बनाये रखने वाले गुरुजन कभी भी आभार के मोहताज नहीं होते, किंतु कुछ औपचारिकताएँ ऐसी होती हैं, जिन्हें औपचारिक रूप से पूर्ण करना आवश्यक होता है। इस कड़ी में मैं सदैव ही आभारी रहूँगा अपने शोध निदेशक अत्यंत सरल एवं उदार स्वभाव के धनी, निरंतर बच्चों का हित चाहने वाले, सहृदय परम आदरणीय प्रो. (डॉ.) दीपेन्द्रसिंह पुष्पेन्द्रसिंहजी जाडेजा सर, प्रोफेसर हिंदी विभाग, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा के प्रति जिनके उचित मार्गदर्शन के चलते यह शोध प्रबंध अपना सुव्यवस्थित रूप ग्रहण करने में सफल हुआ।

आपका अत्यन्त स्नेहिल और वात्सल्य पूर्ण व्यवहार सदैव ही विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। आपकी गहरी साहित्यिक रुचि और समझ के चलते इस शोध कार्य में उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों को आसानी से पार किया जा सका। इस शोध कार्य की सफलता हेतु आपसे मिले अमूल्य एवं अविस्मरणीय मार्गदर्शन, प्रेरणा और सहयोग को आभार रूपी शब्द के माध्यम से व्यक्त करना असंभव है। आपका स्नेह और आशीष सदैव मुझे मिलता रहे, यही माँ सरस्वती से मेरी प्रार्थना है।

मैं महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. दक्षा मिस्त्री मैडम का आभार व्यक्त करता हूं जिनके कार्यकाल के दौरान मेरा शोध कार्य के लिए पंजीकरण हुआ तथा वर्तमान में हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. कल्पना गवली मैडम का आभार व्यक्त करता हूं जिनके कार्यकाल में मैं अपना शोध प्रबंध प्रस्तुत करने जा रहा हूं। मेरे शोध निर्देशक के बाद विभाग से सबसे ज्यादा अगर किसी को मेरे कार्य की चिंता थी तो वो डॉ. लता सुमंत मैडम को थी। मैडम हमेशा मेरे शोध कार्य की प्रगति पर मुझे सुझाव-सलाह देती रही। प्रत्येक विद्यार्थी को जीवन में शिक्षकों द्वारा प्रोत्साहन की आवश्यकता होती है और ये प्रोत्साहन मुझे लता मैडम से प्राप्त हुआ।

विभाग के अन्य गुरुजनों का समय-समय पर मार्गदर्शन एवं सहयोग मुझे मिलता रहा। अतः आदरणीय सभी गुरुजनों का भी में सहृदय से आभार व्यक्त करता हूं। इस प्रसंग पर मैं अपने पाठशाला जीवन के (नवोदय विद्यालय के) शिक्षकों का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके वजह से मैं आज यहां तक पहुंचा हूं, जिसमें भूषण रामटेके सर, प्रभाकर वाणी सर, सुजीत नायर सर, एच. के. गावीत सर, अंबालाल चौधरी सर, पी. सी. भट्ट सर, विजय गोंगड़े सर, शिवनारायण वानखेड़े सर, अनीशा शेख

मैडम, सामल सर, वसीम मंसूरी सर, आदि का स्नेह और प्रेम मुझे आज तक मिलता रहा। इन गुरुजनों के सिखाए गए पाठ आज तक जीवन में प्रासंगिक है। और हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है।
मैं इन सभी गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

जिनके ऋण से कभी मुक्त नहीं हुआ जा सकता, ऐसे मेरे पिता श्री अरुणभाई देसले एवं माँ स्व. श्रीमती विजयाबेन देसले के चरणों में नमन एवं वंदन सहित आभार प्रेषित करता हूँ, जिन्होंने न केवल शिक्षानुभव अपितु जीवन के प्रत्येक क्षण में मेरा साथ दिया, मेरा हौसला बढ़ाया। उनके निस्वार्थ प्रेम, आशीर्वाद और निरंतर प्रेरणा के कारण ही मैं जीवन के रास्ते पर आगे बढ़ सका और सफलता प्राप्त कर सका। उनके विश्वास और सहयोग ने हर कठिन समय में मुझे हिम्मत दी और सही दिशा दिखाई।

मैं हृदय से आभारी हूँ मित्र समान अपने बड़े भाई श्री दीपक देसले, और माँ समान स्नेह करने वाली भाभी श्रीमती अश्विनी देसले के प्रति, जिन्होंने हर विपरीत परिस्थिति में मेरा सहयोग किया, मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया। सदा ही मुझे आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। इस शोध यात्रा में जब भी मैं थकान महसूस करता या निराश होता तब उनके शब्दों और अनुराग ने मुझे नई ताकत दी।

मैं लेखिका माला वर्मा और प्रीति सेनगुप्ता का भी विशेष आभार व्यक्त करना चाहता हूं, आलोच्य लेखिकाओं ने शोध कार्य के दौरान जहां पर भी मुझे कोई समस्या आई, मेरी शोध विषयक समस्या का निराकरण करने में उन्होंने खूब सहायता की। मैं डिजिटल माध्यम से निरंतर आलोच्य लेखिकाओं के संपर्क में था। उनके यात्रा साहित्य को पढ़ते हुए उनके बारे में अधिक जानने की इच्छा होती तब मैं उनसे प्रश्न करता औरे वे बड़े सहजता के साथ मेरे प्रश्नों के उत्तर देते। आलोच्य लेखिकाओं पर कार्य करने के बाद मैंने जाना की एक लेखक इतना सहज भी हो सकता है। माला वर्मा जी और प्रीति सेनगुप्ता जी इसके उदाहरण है।

शोध कार्य को पूर्ण करने में माला वर्मा द्वारा मुझे अत्यंत सहयोग प्राप्त हुआ। माला जी ने उनकी सारी प्रकाशित पुस्तके मेरे घर के पत्ते पर भेज दी। विदेशों की यात्राओं में व्यस्त रहने के बावजूद जब कभी मुझे उनके मार्गदर्शन की आवश्यकता होती, तब भी उन्होंने अपना कीमती समय मेरे प्रश्नों के लिए निकाला है, समान रूप से प्रीति सेनगुप्ता ने अमेरिका में रहते हुए भी निरंतर मेरा मार्गदर्शन किया। प्रीति जी मेरे कार्य के बारे में मुझसे पूछती जानकारी प्राप्त करती और उसमें सलाह-सुझाव देती की कैसे शोध कार्य को बेहतर बनाया जा सकता है, इसीलिए मैं आलोच्य लेखिकाओं का भी आभारी हूं जिनसे मुझे नियमित सहयोग तथा मार्गदर्शन मिलता रहा।

प्रस्तुत शोध कार्य मित्रों के सहयोग के बिना संभव ही नहीं था। जीवन के विषम परिस्थितियों में साथ

देने वाले प्रिय मित्र राहुल राठौड़, हार्दिक भट्ट, सुनील बारिया, कृतिका त्रिवेदी, विवेक राजपूत, पुष्पराज घोड़े, महेश शामड़ा, कुलदीप देसाई, डॉ. राजेश राठवा, डॉ. ईश्वर अहीर तथा विभाग के साथियों में शिव भाई, जितेंद्र भाई, सोहिल भाई, विजय भाई, अतुल भाई, का विशेष सहयोग मुझे प्राप्त हुआ। साथ ही विभाग के अन्य साथी मित्रों तथा अनुज कार्तिक एवं पवन का सहयोग भी मुझे मिला। मेरे शोध कार्य में सहायता के लिए मैं सभी मित्रों के प्रति आत्मीय आभार प्रकट करता हूं। इन सभी मित्रों का साथ एवं सहकार ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति रहा है।

पुस्तक तथा पुस्तकालय के बिना शोध कार्य की परिकल्पना नहीं की जा सकती। शोध कार्य में पुस्तकालय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अतः मैं महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के पुस्तकालय हंसा मेहता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। जहां से मुझे दुर्लभ शोध सामग्री प्राप्त हुई और मेरा शोध कार्य पूर्ण हो सका। इसके अतिरिक्त में उन सभी विद्वतजनों के प्रति आभार प्रकट करता हूं। जिनकी कृतियों का किसी न किसी रूप में मैंने अपने इस शोध कार्य में उपयोग किया। यह शोध कार्य महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के प्रांगण में पूर्ण हुआ। इसके लिए मैं विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। अंततः मैं उन सभी सज्जनों के प्रति असीम आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत शोध कार्य में मेरी सहायता की, मुझे प्रेरणा एवं संबल प्रदान किया। जिनके आशीर्वाद एवं शुभेच्छाओं के कारण ही आज मैं इस शोध यात्रा को उसके अंतिम पड़ाव तक पहुँचा सका हूँ।

अंत में पुनः सभी के प्रति हार्दिक धन्यवाद, आभार।

सविनय

सागर अरुणभाई देसले

सत्यं शिवं सुन्दरम्

# महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा

# की पी-एच.डी. [हिन्दी] उपाधि हेतु प्रस्तुत

# शोध-प्रबंध

# "माला वर्मा और प्रीति सेनगुप्ता के यात्रा साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन"

***

*****

*******

**शोध-छात्र**

**सागर अरुणभाई देसले**

**शोध-निर्देशक**

**डॉ.दीपेन्द्रसिंह पुष्पेन्द्रसिंहजी जाडेजा**

**प्रोफ़ेसर, हिन्दी विभाग**

**महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय,**

**बड़ौदा (गुजरात)**

**पंजीकरण संख्या : FOA/1562**

**पंजीकरण दिनांक : 18/02/2021**

**2025**

## प्रस्तावना

**सैर कर दुनिया की ग़ाफ़िल ज़िंदगानी फिर कहाँ ?**

**ज़िंदगी ग़र कुछ रही तो नौजवानी फिर कहाँ ?**

'ख़्वाजा मीर दर्द' की प्रस्तुत पंक्तियाँ यात्रा के महत्व को प्रतिपादित करने में पूर्णतः सफल सिद्ध हुई है।

**'स्त्रियों ने पहले-पहल जब घूँघट छोड़ा, तो क्या कम हल्ला मचा था और उन पर क्या कम लांछन लगाये गये थे ? लेकिन हमारी आधुनिक पंचकन्याओं ने दिखला दिया कि साहस करने वाला सफल होता है और सफल होने वाले के सामने सभी सिर झुकाते हैं। मैं तो चाहता हूँ, तरुणों की भाँति तरुणियाँ भी हजारों की संख्या में विशाल पृथ्वी पर निकल पड़ें और दर्जनों की तादाद में प्रथम श्रेणी की घुमक्कड़ बनें। बड़ा निश्चय करने के पहले वह इस बात को समझ लें कि स्त्री का काम केवल बच्चा पैदा करना नहीं है। फिर उनके रास्ते की बहुत कठिनाइयाँ दूर हो सकती हैं।'**

'राहुल सांकृत्यायन' द्वारा 'घुमक्कड़ शास्त्र'1948, में कही गई यह बात उस समय के समाज के लिए एक क्रांतिकारी विचार थी, जब स्त्रियों को घर की चारदीवारी तक ही सीमित माना जाता था। उन्होंने घूंघट छोड़ने को सामाजिक साहस का प्रतीक बताया और उन स्त्रियों की सराहना की जिन्होंने समाज के विरोध और लांछनों के बावजूद अपने लिए एक स्वतंत्र राह चुनी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्त्री का कार्य केवल संतान-जनन तक सीमित नहीं है, बल्कि वह भी पुरुषों की भाँति अपने विचार, इच्छाएँ और सपनों को लेकर बाहर की दुनिया में निकल सकती है। वे चाहते थे कि महिलाएं भी पुरुषों की तरह घुमक्कड़ी करें, स्वतंत्र विचारों के साथ समाज में अपनी पहचान बनाएं। आज जब हम इक्कीसवीं सदी में खड़े हैं, तो यह देखना संतोषजनक है कि राहुल जी की वह कल्पना अब एक हद तक साकार होती दिखाई दे रही है। महिलाएं आज जीवन के हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल, व्यापार और यात्रा हर जगह वे न केवल भागीदारी कर रही हैं, बल्कि नेतृत्व कर रही हैं। वे घूंघट और सामाजिक वर्जनाओं की दीवारें लांघ चुकी हैं और अपने आत्मबल व योग्यता से यह सिद्ध कर चुकी हैं कि वे भी समाज के विकास में समान रूप से सक्षम हैं। अकेले देश-विदेश घूमने वाली महिला यात्री,

पर्वतारोहियों, वैज्ञानिकों और उद्यमियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है। इस कड़ी में माला वर्मा और प्रीति सेनगुप्ता प्रमुख हस्ताक्षर है।

'आदित्य कुमार गिरी' वागर्थ पत्रिका में अपने विचार प्रस्तुत करते है। 'हर स्त्री में आत्मगौरव का प्रबोध होता है। हर स्त्री के पास उसका अपना नैसर्गिक स्त्रीवाद होता है।' हालाँकि चुनौतियाँ आज भी हैं, जैसे सामाजिक असुरक्षा, लैंगिक भेदभाव और पारिवारिक दबाव, परंतु अब महिलाएं इनसे डरने की बजाय उनका सामना करना सीख चुकी हैं। यह परिवर्तन इसलिए संभव हो पाया है क्योंकि कुछ महिलाओं ने वैसा ही साहस दिखाया जैसा राहुल जी ने 'आधुनिक पंचकन्याओं' में देखा था। वर्तमान में यह ज़रूरी है कि हम उनकी सोच को और आगे बढ़ाएँ, ताकि आने वाली पीढ़ियों की स्त्रियाँ और भी अधिक आत्मनिर्भर, स्वतंत्र और प्रेरणादायक बन सकें। राहुल जी का यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है, क्योंकि यह स्त्री-स्वतंत्रता के मूल में साहस, आत्मविश्वास और समानता के बीज बोता है।

मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक निरंतर यात्राएं चलती रहती है। मनुष्य का सम्पूर्ण जीवन एक यात्रा ही है। जहां वह जीवन के विभिन्न उददेश्यों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष करता हुआ अनेक विपदाओं का सामना करता हैं। इन संघर्षमय परिस्थितियों को पूर्ण करके वह आत्मीय सुख की चाह रखता है। फिर उसकी एक इच्छा पूरी होती है, तो दूसरी चार इच्छाएं सामने खड़ी होती हैं। अब मनुष्य पुनः उन चार इच्छाओं को प्राप्त करने में लग जाता है। और फिर उसकी अगले पड़ाव की यात्रा शुरू हो जाती है। मनुष्य के संपूर्ण जीवन में कहीं भी ठहराव, एक स्थान पर रुक जाना दिखाई नहीं देता। यह सम्रग प्रकिया मनुष्य के जीवन की यात्रा ही है।

यात्रा साहित्य यायावर की, प्रेम भरे मधुर अनुभूतियों को प्रस्तुत करने का सुन्दर दर्पण है। यात्रा मानव जीवन की अनिवार्य प्रक्रिया है। मानव जाति का संपूर्ण विकास यात्रा का ही परिणाम है। परिवर्तन मनुष्य के जीवन में नवीन उत्साह पैदा करते हैं। प्रकृति की गोद में जन्मे और पले मानव में उस प्रकृति के प्रति रागात्मक भाव उत्पन्न होता है। सौन्दर्यात्मक दृष्टि से यात्रा करने वाले यायावर की स्वतन्त्र अभिव्यक्ति को जब साहित्यिक रूप दिया जाता है तब यात्रा साहित्य विधा रूपायित होती है। गद्य की अनेक विधाएं हैं, कहानी, उपन्यास निबंध नाटक एकांकी रिपोतार्ज आत्मकथा जीवनी संस्मरण तथा इन सभी विधाओं में एक नई विधा के रूप में बहुत ही प्रसिद्ध और ख्याति प्राप्त विधा है जो यात्रा साहित्य कहलाता है।

कॉलेज के शुरुआती दिनों में मुझे यात्रा साहित्य पढ़ना बहुत अच्छा लगता था, इसे पढ़ते समय में अपने बचपन की स्मृतियों और प्रवास में खो जाता था, क्योंकि मुझे लगता था की, यात्रा साहित्य कोई साहित्यकार लिख रहा है या मेरी बचपन की यात्रा है जो मैंने अपने माता-पिता के साथ की थी। इन यात्रा वर्णन मे कभी कभी तो मुझे मेरे स्कूली दिनों का संस्मरण हो जाता था। मैंने स्कूली दिनों में राज्य स्तरीय खेलों की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए भारत देश के अनेक प्रदेशों की यात्राएं की, जिसमे प्रमुख है, असम, हिमाचल प्रदेश, पंजाब। इस यात्रा के दौरान मुझे प्रकृति की अनेक सुंदर तत्व जैसे पहाड़, नदिया, झरने, जंगल-गांव आदि देखने को मिलते थे, मेरा मन करता था कि मैं मंजिल तक पहुंचु ही नहीं और निरंतर ऐसे ही भ्रमण करता रहूं।

जब मैं यात्रा साहित्यकारों के यात्रावृत्तांत पढ़ता था तब में देखता था कि, वही ऊंचे ऊंचे पहाड़, कभी वही नदिया, कभी वही विशाल जंगल, कभी वही प्रकृति का सौंदर्य विभिन्न परिवेश के लोग इस समय में अपने प्रवासो में खो जाता था, मुझे लगता था कि स्मृति तो वही है सिर्फ लिखने पर शब्द बदल गए हैं, फिर मेरे मन में अनेक प्रश्न आते थे क्या साहित्यकार या कोई व्यक्ति इन यात्रा के विषयों पर कुछ लिख रहे हैं या नहीं अगर लिख रहे हैं तो वह किस तरह से लिखते होंगे ? उनके यात्रा के अनुभव किस तरह के रहते होंगे? यह सब बातें मेरे मन में चलती रहती थी। यात्रा साहित्य में बचपन से प्रकृति के प्रति मेरा जो आकर्षण था, मैंने अपने जीवन की यात्राओं के अनुभव द्वारा जो पाया था, मगर जब मैं बड़ा होकर यात्रा साहित्यकारों को पढ़ने लगा तो मुझे लगने लगा की, यात्रा साहित्य केवल प्रकृति के सौन्दर्य को देखना परखना नहीं है, बल्कि लोगों की जिजीविषा को जानना, लोगों के खानपान, देशों की संस्कृतियों उनके आदान-प्रदान, उनकी भाषा, उनके स्थापत्य, उनकी कलाओं के बारे में जानना समझना परखना इन बारीकियों का अध्ययन होता है। ये मुझे यात्रा साहित्य को पढ़कर लगा। इसलिए मेरे अध्ययन की रुचि और गहरी हुई। इस तरह में सोचने लगा कि महिलाये यात्रा कैसे करती होंगी? महिलाओं के मन में यात्रा करते समय कैसे सवाल आते होंगे ? यात्रा करके उनके अनुभव किस तरह के रहते होंगे? यह जानने की इच्छा मेरे मन में अधिक हुई, इसलिए मैंने माला वर्मा और प्रीति सेनगुप्ता के यात्रा साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोध कार्य करने का मन बनाया।

हालांकि हिंदी साहित्य का विद्यार्थी होने के कारण मैंने हिंदी की महिला यात्रा लेखिका ‘माला वर्मा’ तथा गुजरात कर्मभूमि के कारण गुजराती की महिला यात्रा लेखिका ‘प्रीति सेनगुप्ता’ उनके यात्रावृत्तांत पर शोध कार्य करने का मन बनाया। तत्पश्चात मेरे शोध निर्देशक प्रो. दीपेन्द्रसिंह जाडेजा जी के मार्गदर्शन में “माला

वर्मा और प्रीति सेनगुप्ता के यात्रा साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन" विषय पर कार्य करने अवसर मुझे प्राप्त हुआ।

प्रस्तुत शोध प्रबंध पाँच अध्यायों मे विभाजित किया गया है। जिसमे **प्रथम अध्याय** यात्रा साहित्य का स्वरूप निर्धारण है। प्रस्तुत अध्याय के अंतर्गत यात्रा साहित्य की परिभाषा, स्वरूप, विकास एवं तुलनात्मक दृष्टि का अध्ययन किया गया है। साथ ही अनादि काल से लेकर वर्तमान तक मनुष्य के यात्रा इतिहास को स्पष्ट करने का प्रयास किया है। तुलनात्मक अध्ययन की परिभाषा, वर्तमान में तुलनात्मक अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व को भी इस अध्याय में शामिल किया गया है।

**द्वितीय अध्याय** के अंतर्गत माला वर्मा का व्यक्तित्व व कृतित्व का अध्ययन किया गया है। माला वर्मा बंगाल की पृष्टभूमि से आती है, और दुनिया के साठ प्रतिशत भूभाग पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं। पिछले तीस वर्षों से माला वर्मा निरंतर यात्राएं कर रही हैं। इनके चोबिस से अधिक यात्रावृत्तांत उपलब्ध है। हिंदी साहित्य में यात्रा पर इतना अधिक लेखन आज तक किसी अन्य साहित्यकार ने नहीं किया है। इस परंपरा में माला वर्मा का विशेष स्थान है।

**तृतीय अध्याय** में प्रीति सेनगुप्ता का व्यक्तित्व व कृतित्व का अध्ययन किया गया है। प्रीति सेनगुप्ता गुजरात की पृष्टभूमि से आती है, वर्तमान मे लेखिका अमेरिका में रहती है। प्रीति जी गुजराती यात्रा साहित्य की प्रख्यात लेखिका के रूप मे जानी जाती है। पिछले चालीस वर्षों से प्रीति सेनगुप्ता निरंतर यात्राएं कर रही हैं। इनके पच्चीस से अधिक यात्रावृत्तांत उपलब्ध है। भारतीय साहित्य में यात्रा विधा में प्रीति सेनगुप्ता अत्यंत मुख्य धारा की लेखिका है। प्रस्तुत अध्याय में उनके समग्र साहित्य का परिचय दिया गया है।

**चतुर्थ अध्याय** के अंतर्गत माला वर्मा एवं प्रीति सेनगुप्ता के यात्रावृत्तांतो में विविध आयाम जैसे कि धार्मिक' सामाजिक' ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक, मनोरंजन प्रधान, इन आयामों के आधार पर आलोच्य लेखिकाओं ने विभिन्न मुद्दों पर जो चर्चा अपने यात्रावृत्तांत में की है, उनकी साम्यता एवं असमानता को रेखांकित किया है। इसके साथ आलोच्य लेखिकाओं द्वारा विदेशों के रोचक प्रसंगों, एवं विविध आयामों में चित्रित स्थानीय लोगों के जीवन को अत्यंत बारीकी से मार्मिकता से प्रस्तुत किया गया है।

**पंचम अध्याय** के अंतर्गत माला वर्मा और प्रीति सेनगुप्ता के यात्रा साहित्य का यात्रा के तत्वों के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन में यात्रा के रोचक प्रसंगों, स्थानीय जीवन मूल्य, परंपराएं, भारतीयता के तत्व, पात्रों का चरित्र-चित्रण तथा इतिहास बोध, एवं उदेश्य इत्यादि तत्वों का विश्लेषण किया गया है। जिसमे आलोच्य लेखिकाओं के लेखकीय दृष्टिकोण एवं समाज की बारीकियों को चित्रित किया गया है।

**उपसंहार**

अंत मे उपसंहार देते हुए शोध प्रबंध 'माला वर्मा और प्रीती सेनगुप्ता के यात्रा साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन' संबंधी मान्यताओं, स्थापनाओं एवं शोध सार को स्थापित करने का विनम्र प्रयास किया है।

उपसंहार के पश्चात संदर्भ ग्रंथ सूची को प्रस्तुत किया गया है, जिसके अंतर्गत आधार ग्रंथ, सहायक ग्रंथ, व पत्र पत्रिकाओं की सूची दी गई है।